राजकीय महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि दो अक्टूबर

सवेरा राजस्थान

पीपाड़ शहर/सुरेंद्र सिंह सांखला। नवीन राजकीय महाविद्यालय, पीपाड़ सिटी में प्रथम वर्ष प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तिथि दो अक्टूबर है। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी डॉ. नीना जैन ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष की वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थी दिनांक दो अक्टूबर तक महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन करवा सकते हैं। प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. कमलजीत कौर मेहता ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में दस्तावेज जमा करवा दिए हैं, वे विद्यार्थी अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना ई मित्र के माध्यम से फीस जमा करवा दें। ई मित्र के माध्यम से फीस जमा कराने की अंतिम तिथि चार अक्टूबर है। अंतिम तिथि तक फीस जमा नहीं करवाने पर विद्यार्थी का प्रवेश स्वतः निरस्त हो जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के पश्चात् भी फीस जमा करवाने में कोई तकनीकी समस्या आए तो महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।